| आदेश की क्रम सं0 एवं तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 9.2.22 | **आदेश**<br>प्रस्तुत आर0 ई0 वाद सं0–31/2018–19 (पैतरू महतो एवं अन्य–बनाम–सहलेन अंसारी एवं अन्य) आवेदक–पैतरू महतो, पिता–स्व0 जानकी महतो एवं अन्य, साकिन–भेड़वा, अंचल–मधुपुर, जिला–देवघर द्वारा मौजा–भेड़वा के जमाबंदी नं0–55, दाग नं0–404 का अंश रकवा–08 डी0 भूमि से विपक्षी को उच्छेद करने हेतु समर्पित आवेदन पर कार्रवाई प्रारंभ किया गया है।<br>इस संबंध में अंचल अधिकारी, मधुपुर से ज्ञापांक–908/डी0बी, दिनांक–25.07.2018 के द्वारा जॉच प्रतिवेदन की मांग की गयी, जो उनके पत्रांक–247/रा०, दिनांक–17.05.2019 द्वारा प्राप्त है, जो अभिलेखबद्ध है। जिसमें उल्लेखित है कि प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष जमीन व मकान एक दूसरे से सटा हुआ है। प्रथम पक्ष के जमीन पर द्वितीय पक्ष आना–जाना करता है, कच्चा रास्ता बना हुआ है। विपक्षी की और से दिनांक–11.08.2021 को कारण पृच्छा दाखिल किया गया, जो अभिलेखबद्ध है। आवेदक लगातार अनुपस्थित रहे है, ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक को इस वाद में कोई अभिरूची नहीं रह गई है।<br>अतः अंचल अधिकारी, मधुपुर से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में आवेदक का आवेदन खारिज करते हुए, वाद की कार्रवाई समाप्त किया जाता है।<br>**लेखापित एवं शुद्धित**<br>9.2.22<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुपुर।<br>9.2.22<br>अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुपुर। | |

Digitally signed by DINESH KUMAR YADAV
Date: 2022.10.14 12:03:39 +05:30
Location: 192.168.1.206